प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की बांदा और चित्रकूट में विकास कार्यों की समीक्षा : कहा–बुंदेलखंड को ईको टूरिज्म का केंद्र बनाएगी सरकार।
2. अदालत के आदेश पर चंदौली के पूर्व एसपी समेत 18 पुलिसकर्मियों पर गाजीपुर के नन्दगंज थाने में हत्या की साजिश और अवैध वसूली का मुकदमा दर्ज।
3. संभल शाही मस्जिद मामले में कल पेश होगी सर्वे रिपोर्ट : जुमे की नमाज को लेकर कड़े सुरक्षा इंतजाम।
4. सैय्यद मोदी अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप में पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह : तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी भी अगले दौर में पहुंची।

—————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज एक दिवसीय दौरे पर बांदा पहुंचे। यहां उन्होंने मेडिकल कॉलेज के मुख्य द्वार पर वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड के विकास कार्यों की समीक्षा भी की। इसके बाद उन्होंने चित्रकूट में रामघाट पर मंदाकिनी आरती में भी शिरकत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड के लिए कराए जा रहे विकास कार्यों का उल्लेख किया। श्री योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार बुंदेलखंड के आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ईको टूरिज़्म को भी विकसित कर रही है।

*यहां पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे लिंक एक्सप्रेस वे के लिये हम लोगों ने 13 सौ करोड़ रूपये सेन्सन किये है और वह कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। हमीन अधिग्रहण की कार्रवाई चल रही है। आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन के साथ–साथ यहां के ईको टूरिज्म के लिये एक बेहतरीन सेन्टर के रूप में इसको हम विकसित कर सके, इसके लिये रानीपुर का टाईगर रिजर्व को भी हम अच्छे ढंग से आगे बढ़ाना चाहते हैं। आज जब मैं यहां पे चित्रकूट आ रहा था, तो मैं देख रहा था। मंदागिनी नदी में एक सामान्य पुल है बहुत पुराना मैने उसके लिये एक नया पुल स्वीकृत करने की घोषणा की है। यहां पर एक नया पुल बनना चाहिये, इससे चित्रकूट की कनेक्टिविटी को और बेहतर किया जा सके।*

—————

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वाराणसी में आयोजित 13वें राष्ट्रीय बीज सम्मेलन का वर्चुअली उद्घाटन किया। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में 700 से अधिक लोग हिस्सा ले रहे हैं , जिनमें विशेषज्ञ, नीति निर्माता, उद्योग जगत के नेता, शोधकर्ता और किसान शामिल हैं। सम्मेलन में बीज क्षेत्र से जुड़े प्रमुख मुद्दों और प्रगति पर चर्चा की

जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री ने वैश्विक बीज क्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका की चर्चा की। उन्होंने जलवायु परिवर्तन और खाद्य सुरक्षा जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत की जैव विविधता, अनुसंधान क्षमता और नवीन तकनीकों का लाभ उठाने पर जोर दिया। उद्घाटन समारोह में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी मौजूद रहे।

---

सीजेएम कोर्ट के आदेश पर गाजीपुर के नन्दगंज थाने में चंदौली के तत्कालीन एसपी अमित कुमार द्वितीय सहित 18 पुलिसकर्मियों पर हत्या की साजिश और अवैध वसूली का मुकदमा दर्ज किया गया है। चन्दौली जिले से संबंधित इन पुलिस कर्मियों पर अनिल कुमार सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था जिसके बाद कोर्ट ने आरोपियो पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था।

*मामला चन्दौली जिले के मुगलसराय थाने की वसूली से जुड़ा है।2021 में मुगलसराय थाने में तैनात कांस्टेबल अनिल कुमार सिंह ने आरोप लगाया था कि मुगलसराय थाने के प्रभारी शिवानंद मिश्रा एवं एसपी के संरक्षण में जनता से प्रतिमाह 12 लाख 50 हजार की वसूली की जाती थी। अनिल कुमार सिंह की शिकायत पर तत्कालीन डीआईजी विजिलेंस लव कुमार ने इस मामले की जांच भी थी जिसमें आरोप सही पाये गये थे। इसके बाद अनिल सिंह ने सीजेएम कोर्ट गाजीपुर में 156(3) के तहत वाद दाखिल किया और कोर्ट ने सभी 18 पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश करीब तीन माह पहले दिया था। कल 27 नवंबर को नन्दगंज पुलिस ने सभी 18 पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज कर ली। श्री राम राय, आकाशवाणी समाचार, गाजीपुर।*

---

संभल मामले में कल जिला न्यायालय चंदौसी में वादी पक्ष सर्वे रिपोर्ट पेश करेगा, जिसको लेकर कड़े सुरक्षा के इंतजाम किये गये हैं। इसमें पुलिस, पीएसी और रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों के साथ ही प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा पूरे क्षेत्र की निगरानी ड्रोन कैमरों से की जाएगी। सतर्कता के तौर पर शहर में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। वहीं इस मामले में अब 31 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। कल होने वाली जुमे की नमाज को लेकर भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है। जिलाधिकारी द्वारा लोगों से अपील की गई है कि मस्जिद में जगह के अनुरूप लोगों को प्रवेश दिया जायेगा। मस्जिद के सदर ने भी लोगों से भीड़ इकट्ठा न करने और शांति बनाये रखने की अपील की है।

---

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित अतंर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में उत्तर प्रदेश पवेलियन को गोल्ड मेडल से नवाजा गया है। यूपी पवेलियन में 120 से अधिक स्टॅाल लगाए गए थे, जहां 3 लाख से अधिक लोग पहुंचे और बी2बी और बी2सी संपर्कों के माध्यम से व्यापारियों को करोड़ों के ऑर्डर मिले। मेले के समापन में पहुंचे प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि ऐसे मंच हमारे कारीगरों और उद्यमियों को

अपनी प्रतिभा और कौशल को दुनिया के सामने लाने का अवसर प्रदान करते हैं। यह उत्तर प्रदेश के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

—————————

लखनऊ में सैयद मोदी अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप में पीवी सिंधू इरा शर्मा को हराकर महिला सिंगल्स के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई हैं। सिंधु ने इरा को एक कड़े मुकाबले में 21–10,12–21, 21–15 से पराजित किया। एक अन्य मैच में उन्नति हुड्डा ने पोर्नपिचा चोइकेवॉन्ग को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। भारत की शीर्ष वरीय खिलाड़ी तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने चीनी ताइपे की चेन सू यू और यी इन एच की जोड़ी को हरा कर क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया। तनीषा क्रेस्टो ने आज के प्रदर्शन पर खुशी जताई।

*आज का मैच बहुत अच्छा रहा, काफी अच्छे आपूरचनेर थे, और हमें बहुत अच्छा लग रहा,यहां वापस ये सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल टूर्नामेंट में आय है। लास्ट ईयर हम लोग यहां फाइनल्स खेले थे, तो हम यही उम्मीद कर रहे कि हम आगे जाके और अच्छा करे और आज का मैच हम लोगों ने बहुत अच्छा खेला, बहुत सारे पासिटिव्स थे और बहुत कुछ था।*

उधर, पुरूष सिंगल्स में भारत के मीराबा लुआंग मैसनाम और आयुष शेट्टी ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। मीराबा ने आयरलैंड के छठी वरीयता प्राप्त नहत गुयेन हराया, जबकि आयुष ने मलेशिया के जस्टिन होह को पराजित किया। कल इस चैम्पियनशिप में क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

—————————

55वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव समापन समारोह आज गोवा में हो रहा है। समापन समारोह में भारतीय सिनेमा की प्रसिद्ध हस्तियां शामिल हैं। इस अवसर पर प्रतिष्ठित गोल्डन पिकॉक अवार्ड सहित कई पुरस्कार दिए जाएंगे। इन पुरस्कारों की प्रतिस्पर्धा में भारत की तीन फिल्मों सहित 15 फिल्में शामिल हैं। नौ दिन के इस फिल्मोत्सव में कई सांस्कृतिक और संगीत कार्यक्रम आयोजित किए गये। साथ ही विभिन्न भाषाओं और शैलियों की करीब 180 फिल्में दिखाई गईं।

—————————

संगम नगरी प्रयागराज में महाकुंभ को लेकर तैयारियां तेज़ी से पूरी की जा रही हैं। प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी ने बताया कि महाकुंभ के ऐतिहासिक आयोजन को लेकर शहर तैयार हो रहा है। शहर के सौंदर्यीकरण के साथ मेला क्षेत्र को भी विशेष सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार महाकुंभ में बुनियादी सुविधाओं के साथ पौराणिक पहलुओं को लेकर विशेष तैयारी की गई है।

*प्रयागराज एक बहुत ही पौराणिक धार्मिक आध्यात्मिक शहर है और सदियों से यहा पर कुंभ मेला, माघ मेला, अर्द्धकुंभ मेला लगता रहा है। बड़े ही उत्साह के साथ एक दिव्य, भव्य और नव्य और हरित और स्वच्छ कुंभ की तैयारी बड़े जोर–शोर से चल रही है। पहली बार है*

*कि मेला क्षेत्र के अन्दर की सारी सड़कों का चौड़ीकरण हुआ है और धार्मिक रूप से प्रयाग के महत्व को उजागर करने के लिये हमारे भारद्वाज मुनि आश्रम का कॉरिडोर बन रहा है, हनुमान मंदिर का कॉरिडोर बन रहा है।*

---------

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय लखनऊ ने क्रिएट इन इंडिया चैलेंज  के सीजन–1, वेव्स के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन किया। लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग में आयोजित इस वर्कशॉप में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई कि **WAVES** का आयोजन 5 फरवरी से 9 फरवरी 2025 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये पत्र सूचना कार्यालय लखनऊ के निदेशक मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि वेव्स 2025 युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर जिसमें आय बढ़ाने के साथ ही रचनात्मकता और नवाचार के अनगिनत अवसर मौजूद हैं।

---------